आ0सं0:-भवन-13/अभि0प्र0(नि0)-03-निलंबन/कालीकृत-26/2021............दिनांक-

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग

# आदेश

पूर्वी चंपारण जिलान्तर्गत सूचना प्रौद्योगिकी केन्द्र, मेहसी का निर्माण कार्य की निविदा में संवेदक, Nexgen Construction, Deoghara, Amarpur, Medni Chowk, Lakhisarai, Bihar के द्वारा गलत अनुभव प्रमाण पत्र अपलोड करने के कारण मुख्य अभियंता (उत्तर) के पत्रांक-239 दिनांक-08.02.2021 द्वारा संवेदक को दोषी मानते हुए उनके विरूद्ध बिहार ठीकेदार निबंधन नियमावली-2007 के आलोक में अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त -सह-विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को कार्रवाई करने की अनुशंसा की गयी। तदालोक में विहित प्रक्रिया का अनुपालन करते हुये विभागीय पत्रांक-4536 दिनांक-13.08.2021 द्वारा संवेदक के निबंधन को तीन वर्षों के लिए निलंबित (अगली निविदा में भाग लेने से वंचित) किया गया।

उक्त निलंबन आदेश के विरूद्ध संवेदक के द्वारा अपील आवेदन समर्पित किया गया । जिसे खारिज करते हुए विभागीय पत्रांक-8583(भ) दिनांक-28.11.2022 द्वारा सकारण आदेश निर्गत कर उक्त निलंबन आदेश को यथावत रखा गया।

पुनः संवेदक के द्वारा उक्त निलंबन आदेश के विरूद्ध पुनर्विचार आवेदन समर्पित करते हुये उक्त निलंबन आदेश को दो वर्षों के लिये सीमित करने का अनुरोध किया गया। संवेदक के पुनर्विचार आवेदन एवं संचिका में उपलब्ध साक्ष्यों के अवलोकन से प्रतीत होता है कि संवेदक को उक्त गलत अनुभव प्रमाण-पत्र से उक्त निविदा में कोई लाभ नहीं मिलने वाला था। अतएव सम्यक् विचारोपरान्त पूर्व में निर्गत आदेश को आंशिक रूप से संशोधित करते हुये उक्त आदेश द्वारा निर्गत निलंबन अवधि को दो वर्षों के लिये सीमित किया जाता है।

पूर्व में निर्गत आदेश सं0-4536 दिनांक-13.08.2021 एवं सकारण आदेश सं0-8583(भ) दिनांक-28.11.2022 को इस हद तक संशोधित समझा जाय।

ह0/-

**(कुमार रवि)**

सरकार के सचिव।

ज्ञापांक-भवन-13/अभि0प्र0(नि0)-03-निलंबन/कालीकृत-26/2021पटना,दिनांक-

स्पीडपोस्ट

प्रतिलिपिः-संवेदक, Nexgen Construction, Deoghara, Amarpur, Medni Chowk, Lakhisarai, Bihar के निबंधन सं०-Class-1 (Partnership Firm)-17(BCD)/2019 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/-

सरकार के सचिव।

ज्ञापांक-भवन-13/अभि0प्र0(नि0)-03-निलंबन/कालीकृत-26/2021.......पटना,दिनांक-

प्रतिलिपिः-प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव, भवन निर्माण विभाग,/अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव के आप्त सचिव, भवन निर्माण विभाग/पथ निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/नगर विकास विभाग/ऊर्जा विभाग/ग्रामीण कार्य विभाग/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम

लि0, पटना/मुख्य महाप्रबंधक(परियोजना), बिहार चिकित्सा सेवायें एवं आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, प्रथम तल, उद्योग भवन, पूर्वी गाँधी मैदान, पटना/सभी मुख्य अभियंता, भवन निर्माण विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग/सभी कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग/मुख्य अभियंता योजना एवं विकास विभाग/मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/-

सरकार के सचिव।

ज्ञापांक- भवन-13/अभि0प्र0(नि0)-03-निलंबन/कालीकृत-26/2021...7960(अ)... पटना,दिनांक-29/9/23

प्रतिलिपिः-आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

29/9/23

सरकार के सचिव।